Title: Need to lift the ban imposed on export of onion –Laid.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : प्याज के ऊपर लगाई पाबंदी हटनी चाहिए, इसलिए संसद में हमेशा इस मुद्दे के ऊपर चर्चा हुई है, लेकिन अभी तक पाबंदी हटाने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये। प्याज यह परेशियस गुडस है और इसलिए प्याज को किसान ज्यादा दिन अपने यहां रख नहीं सकता। पाबंदी होने से किसानों को अच्छा प्याज का दाम भी नहीं मिलता और पाबंदी से किसानों को और देश को काफी नुकसान हो जाता है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्याज के ऊपर लगी पाबंदी तुरन्त हटायी जाये, जिससे किसानों को प्याज के अच्छे दाम मिलें।